पंजाब केसरी 05/04/2026

नशे के विरुद्ध जागरूकता फैलाने के लिए हुईं प्रतियोगिताएं

अम्बाला, 4 अप्रैल (बलराम): छावनी स्थित जी.एम.एन. कॉलेज में शनिवार को नशीले पदार्थों के दुरुपयोग के विरुद्ध जागरूकता फैलाने के लिए पोस्टर मेकिंग, स्लोगन लेखन, वाद-विवाद तथा पावर प्वॉइंट प्रस्तुति जैसी प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम प्रहरी क्लब द्वारा एंटी ड्रग्स क्लब, एन.एस.एस. इकाइयों तथा एन.सी.सी. सैल के सहयोग से आयोजित किया गया। अंश राठी ने पोस्टर मेकिंग एवं स्लोगन लेखन प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त किया। अदिति ने वाद-विवाद प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त किया, जबकि गौरव भारद्वाज की पावर प्वॉइंट प्रस्तुति ने प्रथम स्थान प्राप्त किया।

कॉलेज के प्राचार्य डॉ. रोहित दत्त ने आयोजन टीम के प्रयासों की सराहना की तथा विद्यार्थियों को नशा मुक्त समाज के निर्माण में सक्रिय योगदान देने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर एंटी ड्रग्स क्लब की संयोजक डॉ. सरोज, एन.एस.एस. कार्यक्रम अधिकारी डॉ. चंद्रपाल पुनिया, एन.सी.सी. गर्ल्स विंग की लेफ्टिनेंट डॉ. तृप्ति शर्मा तथा एन.एस.एस. सलाहकार समिति की सदस्यों गीति बिंद्रा एवं हर्षिता लाम्बा ने प्रतियोगिताओं के सफल संचालन में सक्रिय भूमिका निभाई।